# कार्यालय अधीक्षक महाराव भीमसिंह चिकित्सालय, कोटा।

क्रमांक/सम्पर्क/2021/ 106 दिनांकः 11/01/21

श्रीमान प्रधानाचार्य एंव नियत्रक,
चिकित्सा महाविद्यालय, कोटा।

विषयः सम्पर्क समाधान प्रकरण संख्या 11200538944410 के उचित निस्तारण के क्रम मे।

सन्दर्भः आपके पत्र क्रमांक/सम्पर्क/पीए(एच)/सम्पर्क/380 दिनांकः 1.7.2020 के क्रम मे।

महोदय,

उपरोक्त विषय मे निवेदन है कि उक्त सन्दर्भित पत्र के माध्यम से सम्पर्क समाधान के तहत् श्री ज्ञानेश कुमार, एस–1, झारखण्ड अपार्टमेन्ट, झारखण्ड मोड़, जनरल, सगत सिंह मार्ग, खातीपुरा, वार्ड न. 14, जयपुर हैरिटेज, जयपुर के द्वारा प्रकरण प्राप्त हुआ है।

इस क्रम में प्रकरण की विस्तृत जांच हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था जिसके अन्तर्गत जांच समिति द्वारा विस्तृत जांच कर बिन्दुवाईज रिपोर्ट प्रेषित की गई थी जो कि प्रकरण मे आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न है। प्रकरण मे जांच समिति द्वारा प्रदान की गई जांच रिपोर्ट से अधोहस्ताक्षरकर्ता पूर्णतः सन्तुष्ठ है। सादर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

(डॉ. नवीन सक्सेना)
अधीक्षक,
एमबीएस चिकित्सालय,
कोटा।

P.A.(H) उपलब्ध अपलोड करें

12/1/2021

Nodal officer
नोडल ऑफीसर
राजस्थान सम्पर्क पोर्टल
राज. चिकित्सा महाविद्यालय, कोटा

# प्रभारी अधिकारी, मेडिकल रिकॉर्ड विभाग
# महाराव भीमसिंह चिकित्सालय, कोटा

क्रमांक / मे.रि.वि. / **2020** / 2536 दिनांक :–10.11.2020

श्रीमान अधीक्षक महोदय
महाराव भीम सिंह चिकित्सालय
कोटा |

**तथ्यात्मक रिपोर्ट**

विषय :- श्रीमति पार्वती पत्नी श्रीमान मोहन लाल के मृत्यु के संबंध मे जाँच कमेटी द्वारा रिपोर्ट

श्रीमान अधीक्षक महराव भीमसिंह चिकित्सालय कोटा के आदेश क्रमांक PA/2020/958 दिनाक 31/10/2020 के अनुसार राजस्थान पत्रिका मे प्रकाशित समाचार "है भगवान खूब हाथ जोड़े गिडगिड़ाये लेकिन नहीं पसीजे" के संबंध मे जाँच कमेटी का गठन किया गया था।

उक्त प्रकरण की जाँच के लिए गठित कमेटी सदस्यो द्वारा संबन्धित चिकित्सक,नर्सिंगकर्मी,श्रीमति पार्वती के परिजनो के लिखित बयान लिए गए |

लिखित बयानो को संकलित कर संक्षिप्त विवरण बिन्दुवार निम्नप्रकार हे

**1.** श्रीमति पार्वती पत्नी मोहन लाल के परिजनो द्वारा लिखित बयानो के अनुसार दिन के 2 बजे के बाद से रोगी की तबीयत खराब थी,उसके लिए वार्ड मे मौजुद नर्सिंग स्टाफ एवं Emergency रूम 125 मे मौजूद चिकित्सको द्वारा बार बार कहने के बाद भी नहीं संभाला | [ छायाप्रती Ex 1,2 ]

**2.** वार्ड मे उपस्थित नर्सिंग स्टाफ के बयानो से स्पष्ट है कि दोपहर 2 बजे से 7 बजे के बीच में रोगी के परिजनो ने तबीयत खराब होने के बारे मे नही बताया,सांय 7 बजे रोगी के परिजनों द्वारा तबीयत खराब होने कि शिकायत करने पर तुरंत ही संबन्धित चिकित्सको से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन फोन पर चिकित्सको से नेटवर्क की समस्या की वजह से कॉल कनेक्ट नहीं हो सकी,उसके पश्चात रोगी के परिजनों को टिकट दे कर 125 से डॉक्टर को बुलाने के लिए भेजा गया एवं साथ ही दूसरी यूनिट के चिकित्सक डॉक्टर हिजेलो वार्ड मे राउंड ले रहे थे,उनको उक्त रोगी को दिखाया गया तो उन्होंने कहा कि रोगी की पल्स Feeble हे ओर Condition खराब हे, क्योंकि इसको दिमाग में खून का धक्का जमा हुआ है,डॉक्टर हिजेलो के लिखित बयान के अनुसार संबन्धित यूनिट के डॉक्टर धीरेश शालवी वहां आ गए थे ओर मरीज को उन्हें Handover कर दिया था | [ छायाप्रती EX 3,4,5,6,7,8, ]

**3.** डॉ धीरेश शालवी, डॉ राकेश मीना, डॉ. रजत माड़िया, डॉ. पंकज गरासिया के बयानो के अनुसार श्रीमती पार्वती दिनांक 25-10-2020 को डॉ सीपी मीणा वरिष्ठ आचार्य मेडिसिन यूनिट हेड- जी के वार्ड में भर्ती हुई थी,रोगी के सीटी स्कैन हेड कराई गई थी, जिसमें left fronto parietal massive infarct Diagnose हुआ था, मरीज के परिजनों को रोगी की गंभीर हालत के बारे में शुरू से ही बता दिया था एवं रोगी शुरू से ही बेहोशी की हालत में थी, रोगी के परिजन रोगी की Ryles tube निकलवाने के लिए बार बार दबाव बना रहे थे, और दिनांक 27.10.2020 को Ryles tube निकालने के स्पष्ट मना करने के बावजूद रोगी के परिजनो द्वारा Ryles tube निकाल दी गई,दिनांक 30-10-2020 को FMW में लगभग सांय 8:15 बजे मरीज को देखा गया तब उसकी स्थिति अति गंभीर थी उसका तुरंत सीपीआर किया गया,लेकिन बचा ना सके,मेरे साथ डॉक्टर पंकज, डॉ. रजत मांड्या और डॉक्टर राकेश मीणा ओर डॉ. पंकज गरासिया भी मौजूद थे | [छायाप्रतीEX-9,10,11,12]

Emergncy Room 125 मे उपस्थित CMO एवं call पर उपस्थित चिकित्सको के बयानो के अनुसार दिनांक 30-10-2020 को उनकी ड्यूटी 11 से 9pm के समय साय: 7:00 बजे के पहले FMW से किसी भी नर्सिंग स्टाफ की किसी भी रोगी के लिए कोई कॉल नहीं आई थी एवं ना ही कोई परिजन FMW से रोगी दिखाने के लिए बुलाने आया, शाम को 7:00 बजे के बाद में FMW से श्रीमती पार्वती का भर्ती टिकट को लेकर उसके परिजन बुलाने आये वहां पर उपस्थित रेजिडेंस डॉक्टर अंकित विजयवर्गीय, डॉ॰ सचिन कुमार मित्तल के बयान अनुसार भर्ती टिकट देखने पर पाया गया की रोगी के left fronto parietal massive infarct था |

उन दोंनो ने रोगी के परिजनो को सलाह दी की संबन्धित यूनिट के डॉक्टर अभी राउंड पर है,अभी आते ही होंगे ओर परिजन संतुष्ठ हो कर चले गए थे | [ छायाप्रती EX-13,14,15,16 ]

*यूनिट के डॉक्टर मोहम्म्द रफीक सहायक आचार्य के बयान अनुसार दिनाक 30-10-2020 को राउंड के दौरान FMW मे श्रीमति पार्वती का परीक्षण किया गया जो की 25-10-2020 से left fronto parietal massive infarct से भर्ती थी,जो गंभीर अवस्था मे थी ओर रोगी के परिजनो को उसकी गंभीर अवस्था के बारे मे अवगत करा दिया गया था,दिनाक 30-10-2020 को मेरे द्वारा राउंड किया गया था,तब उसकी हालत मे कोई सुधार नहीं था | **[** छायाप्रती EX-1**7 ]**

**<u>निष्कर्ष</u>** - भर्ती टिकट के अनुसार श्रीमती पार्वती पत्नी मोहनलाल जो कि दिनांक 25-10- 2020 से left fronto parietal massive infarct रोग से भर्ती थी,बेहोशी की हालत में थी ओर गंभीर अवस्था मे थी,रोगी के परिजनों को उसकी गंभीर हालत के बारे में इलाज कर रहे संबंधित चिकित्सकों द्वारा बता दिया गया था दिनांक 27-10-2020 को रोगी के परिजनो को मना करने के बावजूद परिजनो द्वारा Ryles tube निकाल दी गई और दिनांक 30-10-2020 को रोगी की मृत्यु 8:45PM पर हुई सभी संकलित बयानों एवं भर्ती टिकट के अनुसार रोगी के मृत्यु होने के पूर्व संबंधित नर्सिंग स्टाफ,चिकित्सको द्वारा रोगी को अटेंड कर बचाने का भरपूर प्रयास किया गया इससे स्पष्ट होता है कि किसी के द्वारा किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं की गई संभवतया रोगी की मृत्यु दिनांक 27-10-2020 जबरन Ryles tube निकालने से Aspirate करने की वजह से हुई, जैसा की भर्ती टिकट पर अंकित है एवं मृत्यु के कारण का चिकित्सकीय प्रमाण पत्र पर तत्वालिक कारण Aspiration pnemonia दिया हुआ है |

| | | |
|---|---|---|
| **नर्सिंग अधीक्षक** | **डॉ॰ विनोद आहूजा** | **डॉ॰ एच॰ के॰ गुप्ता** |
| **महराव भीमसिंह चिकित्सालय** | **चिकित्सा अधिकारी** | **उपनिदेशक** |
| **कोटा** | **महराव भीमसिंह चिकित्सालय** | **महराव भीमसिंह चिकित्सालय** |
| | **कोटा** | **कोटा** |